# यूपीईएस यूनिवर्सिटी में नेशनल प्लाज्मा सम्मेलन में जुटे तीन सौ विशेषज्ञ

**देहरादून :** यूपीईएस यूनिवर्सिटी ने प्लाज्मा साइंस सोसायटी आफ इंडिया के साथ मिलकर 38वें नेशनल प्लाज्मा साइंस एवं टेक्नोलाजी विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में देशभर के तीन सौ से अधिक शोधार्थी, अकादमिक क्षेत्र के विज्ञानी और विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने प्लाज्मा की उपयोगिता, मेडिकल क्षेत्र में नई तकनीक से प्लाज्मा बैंक और आमजन को इससे मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

इंस्टीट्यूट आफ प्लाज्मा रिसर्च के निदेशक शशांक चतुर्वेदी ने प्लाज्मा साइंस और टेक्नोलाजी के क्षेत्र के शोधार्थियों को सम्मानित किया। जेएनयू दिल्ली के पल्लव बोरो और राजा रमन्ना सेंटर फार एडवांस्ड टेक्नोलाजी इंदौर के तीर्थ मंडल को उनके बेहतरीन योगदान के लिए यंग साइंटिस्ट अवार्ड के साथ दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा

को पचास हजार का नकद पुरस्कार और प्रतिष्ठित परवेज गुजदार अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें हाइब्रिड मैटेरियल्स आप्टो इलेक्ट्रानिक डिवाइस और प्लाज्मा टेक्नोलाजी के क्षेत्र में योगदान के लिए दिया गया।(जासं)